भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2420**

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के देवापुर-कोटवा खंड का रखरखाव**

2420. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के देवापुर-कोटवा खंड के रखरखाव के लिए प्रदर्शन-आधारित रखरखाव अनुबंध प्रदान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना के लिए स्वीकृत और खर्च की गई कुल राशि कितनी है;

(ग) क्या उपरोक्त कार्य को पूरा करने के लिए कोई निर्धारित समय-सीमा दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बिहार के गोपालगंज जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 का रखरखाव कार्य पूरा हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या बिहार के गोपालगंज जिले में दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में सुधार कार्य और राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर आने वाले अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) जी हाँ, 05 वर्षों की अवधि का कार्य निष्पादन-आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) पहले ही 15.03.2024 को सौंपा जा चुका है और 27.06.2024 को कार्य भी शुरू हो गया है। परियोजना के लिए कुल स्वीकृत राशि 2126.02 करोड़ रुपये है; हालाँकि, संविदाकार को अभी धनराशि जारी की जानी है। इसके अलावा, दुर्घटनाप्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) को खत्म करने हेतु, दिसंबर, 2025 में पूरा होने की निर्धारित तिथि के साथ दीर्घकालिक शमन उपाय के रूप में अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है।

*****